## महत्वपूर्ण एवं खास

### हर सप्ताह तहसील कार्यालयों में हो रही पटवारियों के कार्यों की समीक्षा



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी की आदेश के पालन में समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी प्रत्येक गुरूवार को प्रातः 10 बजे तहसील कार्यालय में एक साथ, एक स्थान पर उपस्थित होकर राजस्व संबंधी समस्त कार्यों का निष्पादन पिछले दो सप्ताह से कर रहे हैं। इसके अंतर्गत समस्त पटवारी लंबित न्यायालयीन प्रतिवेदन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र संबंधी प्रतिवेदन एवं अभिलेख शुद्धता संबंधी कार्य तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्यों को पूरा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस साप्ताहिक समीक्षा बैठक से राजस्व कार्यों के लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र होगा।

### छत्तीसगढ़ एकलव्य विद्यालय के 5 विद्यार्थी पर्वतारोही अभियान प्रशिक्षण हेतु मनाली रवाना

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के 5 विद्यार्थी पर्वतारोही अभियान प्रशिक्षण हेतु हिमांचल प्रदेश के मनाली के लिए रवाना हुए। यह विद्यार्थी मनाली में एक सितम्बर से 26 सितम्बर तक बेसिक पर्वतारोहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। पर्वतारोहण प्रशिक्षण के लिए रवाना होने वाले छात्रों में कांकेर जिले के अंतागढ़ विद्यालय के किर्तन पदमाकर और हिमालय, नारायणपुर जिले के ओरछा विद्यालय के मासो राम, सूरजपुर जिले के शिवप्रसाद नगर विद्यालय के विकास पैकरा और राजनांदगांव जिले के पेण्ड्री विद्यालय के छात्र सुरेन्द्र शामिल हैं। भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देश अनुसार विद्यार्थियों के साथ संबंधित स्कूलों के प्राचार्यों को भी भेजा गया है।

### शार्ट वीडियो और सुपर रील्स स्पर्धा की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मतदाता जागरूकता हेतु शॉर्ट वीडियो और सुपर रील्स प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागी का नाम जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के मतदाता सूची में रहना अनिवार्य है। इसमें अंतिम तिथि 1 सितम्बर 2023 तक शामिल हो सकते हैं। ईमेल. ॅतइपसेंअममच2023/हउंपसण्बवउए इंस्टाग्राम ॅतइपसेंअममच2023 और व्हाटसअप नंबर-9691608380 में प्रतिभागी अपनी जानकारी, वीडियो, इंस्टाग्राम पोस्ट आदि शेयर कर सकते हैं। शॉर्ट वीडियोः सुपर शॉर्ट वीडियो के लिए 5001 रुपए, सिल्वर शॉर्ट वीडियो के लिए 3001 रूपए और रनर शॉर्ट वीडियो के लिए 2001 रूपए का नगद ईनाम दिया जाएगा। शॉर्ट वीडियो में मतदाता जागरूकता के संदेश और वीडियो की क्वालिटी में अंक मिलेंगे। सुपर रील्स सुपर रील्स के लिए 3001 रुपए, सिल्वर रील्स के लिए 2001 रुपए और रनर रील्स के लिए 1001 रूपए का नगद ईनाम दिया जाएगा। रील्स में मतदाता जागरूकता के संदेश, लाईक्स, शेयर, वीडियो की क्वालिटी में अंक मिलेंगे। जिन युवक युवती की आयु 18 वर्ष पूरी हो गईए वे सबसे पहले वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाए, फिर प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। 11 सितंबर 2023 तक नाम जुड़वाना, हटाना और त्रुटि सुधार कार्य करवा सकते हैं। वोटर लिस्ट के ये सभी कार्य संबंधित मतदान केंद्र या वोटर हेल्पलाइन एप्प से कर सकते हैं।

# फसलों के खराब होने की स्थिति में वैकल्पिक फसल के लिए बनाएं कार्य योजना : कलेक्टर सिन्हा

- सिंचाई परियोजनाओं से किसानों को मिले पानी-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा
- कीट, खाद के संबंध में किसानों को जागरूक करने एडवायजरी जारी करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर सिन्हा ने ली जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक





**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर सिन्हा ने वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाओं के संबंध में चर्चा करते हुए जल भराव स्थिति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जलाशयों में 75 प्रतिशत जल उपलब्ध है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने वृहद सिंचाई योजनान्तर्गत मिनीमाता बांगों परियोजना तथा केलो परियोजना के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि परियोजना अंतर्गत अन्य जिले के किसानों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि रायगढ़ जिले के किसानों को भी उक्त परियोजना से सिंचाई हेतु पानी मिलना चाहिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में हो रही खण्ड वर्षा के मद्देनजर फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने ईई जल संसाधन संभाग खरसिया को निर्देशित किया कि मिनी माता बांगों परियोजना से खरसिया के किसानों को अतिशीघ्र सिंचाई हेतु केनाल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें खेती-किसानी में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने राज्य स्तरीय अधिकारी को कॉल कर जिले में फसलों की स्थिति से अवगत कराते हुए सिंचाई हेतु जल समस्या के संबंध में चर्चा भी किए।

इस दौरान विभागीय अधिकारी ने बताया कि केलो परियोजना अंतर्गत सिंचाई तथा निस्तारी हेतु तालाबों के लिए भी पानी छोड़ा जा रहा है। इसी प्रकार मध्यम सिंचाई योजनान्तर्गत जल संसाधन संभाग रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ संभाग में एक-एक योजनाएं संचालित है। इसी प्रकार लघु सिंचाई योजनान्तर्गत जल संसाधन संभाग रायगढ़ अंतर्गत 83 तथा धरमजयगढ़ संभाग अंतर्गत 43 योजनाएं संचालित की जा रही है। जिले में कुल 126 लघु सिंचाई योजनाएं संचालित है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि जलाशयों की यथास्थिति अनुसार सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर सिन्हा ने जिले के जलस्तर के संबंध में जानकारी ली। जिस पर ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि वर्तमान में जलस्तर बेहतर है, लेकिन बारिश में कमी होने से जलस्तर में गिरावट आ सकती है। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने राम झरना के लिए कार्य योजना के संबंध में निर्देशित किया।

कलेक्टर सिन्हा ने वर्तमान में फसलों की स्थिति की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि जिले के कुछ हिस्सों में वर्षा की कमी के कारण फसलों की स्थिति खराब है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने विभागीय अधिकारी को फसल खराब होने की स्थिति में वैकल्पिक फसलों की जानकारी देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना अतिशीघ्र बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने फसलों के लिए आवश्यक खाद एवं फसलों में लगने वाले कीटों की समस्या से निपटने के लिए समय-समय पर फसलों के बचाव हेतु एडवाईजरी जारी करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को जागरूक कर फसल नुकसान से बचाया जा सके।

इस अवसर पर ईई जल संसाधन एस.के.गुप्ता, ईई केलो परियोजना पी.आर.फुलेकर, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, ईई कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग मिनीमाता बांगों नहर खरसिया एक्का, प्रभारी कार्यपालन अभियंता जल संसाधन सर्वे.एवं बैराज निर्माण खरसिया एल.एल.अहिरवार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त पंचायत पहल हेतु अंतर्विभागीय संवेदनीकरण कार्यशाला आयोजित



**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम टीबी मुक्त पंचायत पहल हेतु अंतर्विभागीय संवेदनीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी पंचायत को टीबी मुक्त करने हेतु रणनीति बनाई गई एवं उसके संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। सीईओ यादव ने ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने हेतु निर्देश दिए।

जिसके अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रति दो माह के अंतराल में एक बार सरपंच एवं सचिव के मार्गदर्शन में संबंधित क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन द्वारा टीबी के लक्षण का डोर-टू-डोर सर्वे किए जाएंगे, उसमें पाए गए संदेहास्पद टीबी मरीज को संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा वाहन की व्यवस्था करके टीबी जांच केंद्र तक पहुंचाएंगे।

बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सलाहकार डॉ.रितु कश्यप, सुरेश कुमार गुप्ता जिला कार्यक्रम समन्वयक, सुनील यादव पीएमडीटी समन्वयक, दीपक गिरी गोस्वामी पीपीएम समन्वयक, अभिषेक मिश्रा एसएसए, गोपाल साहू स्टैटिकल असिस्टेंट, सुमन पॉल द यूनियन टीम लीडर, अनिल शाहा एवं जैदेव निषाद उपस्थित रहे।

## मामूली झगड़ा विवाद में ससुर की मारपीट कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- धरमजयगढ़ थानाक्षेत्र की घटना, धरमजयगढ़ पुलिस ने आरोपी को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 27 अगस्त 2023 को सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में नीचेपारा धरमजयगढ़ में रहने वाले कार्तिक राम सारथी (उम्र 60 साल) को ईलाज के लिए उसके घरवालों द्वारा भर्ती कराया गया था। ईलाज दौरान 28 अगस्त के दोपहर कार्तिक राम सारथी की मौत हो गई, कार्तिक राम को संदेहास्पद अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ से प्राप्त अस्पताली तहरीर पर धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लेकर शव का पोस्ट मार्टम कराया गया।

संदेहास्पद मर्ग को देखते हुए प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक अमन लखीसरानी द्वारा मृतक के वारिसान से पूछताछ किया गया, सभी के बयान अलग-अलग और विरोधाभासी थे। वारिसानो से पुनः अलग-अलग पूछताछ किये जाने पर मृतक को मारपीट से आई चोट से मौत की बात निकाल कर सामने आया। काफी पूछताछ बाद मृतक के वारिसान बताए कि दिनांक 26 अगस्त 2023 की रात्रि कार्तिक राम सारथी का दामाद दीपक बैरागी अपने साथी रोहित यादव के साथ शराब पीकर कार्तिक के घर के पास आया। घर के बाहर रोहित यादव शराब पीकर शोर कर रहा था जिसे कार्तिक मना किया तो दीपक बैरागी गुस्से में उत्तेजित होकर कार्तिक राम को गाली गलौच कर मारपीट करते हुये कार्तिक का गला दबाकर सीना, पेट में हाथ मुक्का से मारपीट किया जिससे कार्तिक को काफी चोटें आयी। उसे उसके घर वाले सिविल अस्पताल धर्मजयगढ़ में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां दूसरे दिन दोपहर ईलाज दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के शॉर्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया जिसमें मृतक की मृत्यु मानव हत्या होना लेख किए जाने पर तत्काल आरोपी दीपक बैरागी उर्फ दीपक पिता विनोद बैरागी उम्र 35 साल निवासी दुर्गापुर कॉलोनी धरमजयगढ़ पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर अपने स्टाफ के साथ दबिश देकर आरोपी को हिरासत में दिया गया जिसे आज हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी एवं मामले का खुलासा में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक अमन लखीसरानी, निरीक्षक अमित तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक डेविड टोप्पो एवं हमराह स्टाफ का अहम योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा- ऐसा लगा जैसे कोई अपना, अपने ही घर आया



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा- ऐसा लगा जैसे कोई अपना, अपने ही घर आया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ब्रम्हकुमारी सेवा सरोवर में आयोजित सकारात्मक परिवर्तन वर्ष 2023 के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा

राष्ट्रपति जी का आगमन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बहुत गौरव का क्षण है। उनकी इस यात्रा के लिए मैं छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ नागरिकों की ओर से आपको बहुत धन्यवाद देता हूं।

आज राष्ट्रपति, पूरे देश की मुखिया के आगमन से हम छत्तीसगढ़ के लोग विशेष आत्मीयता का अनुभव कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई अपना, अपने ही घर आया है।

यह प्रदेश एक आदिवासी प्रदेश है, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग भी बहुत बड़ी संख्या में यहां निवास करते हैं। यह प्रदेश किसानों का प्रदेश है, यह वंचितों का प्रदेश है। सभी वंचितों को न्याय मिले, यह संविधान की भावना है।

आप संविधान की रक्षक हैं, आपके आगमन से छत्तीसगढ़ के लोग बहुत सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ की बहुत लंबी सीमा ओडिशा से लगती है, इसलिए उत्कल संस्कृति के साथ हमारी सबसे अधिक साझेदारी है।

हमारा रहन-सहन, खान-पान, आचार-विचार सबकुछ एक जैसा है। यहां तक की हमारा संघर्ष भी ओडिशा के वंचितों के संघर्ष जैसा ही है।

यह बड़ा ही शुभअवसर है। रक्षाबंधन का समय है। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सकारात्मक परिवर्तन वर्ष का आज शुभारंभ भी हो रहा है।

सामाजिक और आध्यात्मिक परिवर्तन की दिशा में इस संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों में यथासंभव भागीदार बनने के लिए प्रयत्नशील रहता हूं। छत्तीसगढ़ प्रदेश की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के संचालन में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें मिलता रहा है। मैं इसके लिए इस मंच से आभार व्यक्त करता हूं।

## केंदई रेंज में हाथियों का उत्पात जारी

**कोरबा । आरएनएस**

जिले के केंदई रेंज में 30 की संख्या में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात कोरबी सखोदा तथा लालपुर सर्किल में उत्पात मचाते हुए लगभग दो दर्जन किसानों के खेतों में लहलहा रहे धान की फसल को रौंद दिया। हाथियों द्वारा क्षेत्र में उत्पात मचाये जाने तथा फसल रौंदने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी प्रभावित गांवों में पहुंचकर नुकसानी का सर्वे शुरू कर दिए है। वहीं अमला द्वारा हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। हाथियों द्वारा लगातार फसल रौंदे जाने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

## न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 सितम्बर को

- राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से जनता अपने प्रकरणों का करा सकते हैं शीघ्र निपटारा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पूरे देश में इस वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 सितम्बर 2023 को किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, प्रदेश के सभी जिला न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत खंडपीठ द्वारा समझौता योग्य मामलों का आपसी समझौता और राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रकरण की सुनवाई के दौरान पक्षकार और आवेदनकर्ता न्यायालय में उपस्थित हो सकते हैं या फिर जरूरी कार्य के कारण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैंए तो वे वकील के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ सकते हैं और अपनी सहमति दे सकते हैं। उनकी सहमति के आधार पर खंडपीठ द्वारा प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक, बिजली, टेलीफोन आदि के वसूली प्रकरण, दुर्घटना, शमनीय अपराध आदि प्रकरण की सुनवाई की जाती है।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट सहित देशभर के न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या को कम करने और जनता की सहूलियत के लिए कई वर्षों से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता रहा है, इस वर्ष 11 फरवरी और 21 मई 2023 को किया गया था। आगामी 09 दिसंबर 2023 को चौथा राष्ट्रीय लोक अदालत होगा।

## सहायक शिक्षक भर्ती काउंसिलिंग में बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी हो सकेंगे शामिल

- ऑनलाईन काउंसिलिंग 1 से 7 सितंबर तक


**रायपुर।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सहायक शिक्षक भर्ती के लिए ऑनलाईन काउंसिलिंग में बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थी को शामिल किया जा रहा है। ऑनलाईन काउंसिलिंग में 1 से 7 सितंबर तक पूर्व में जारी कट ऑफ रैंक के भीतर आने वाले बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग लेंगे। केवल अनुसूचित जाति बहुविकलांग वर्ग (एमसी) में 117667 कट ऑफ रैंक के भीतर के अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है।

सहायक शिक्षक पद पर होने वाली समस्त नियुक्तियां हाई कोर्ट में दायर याचिका क्रमांक डब्ल्यू. पी.एस. 5788/2023 एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एस.एल. पी. (सिविल) डायरी नम्बर 35325/2023 में पारित निर्णय के अधीन रहेगी।

गौरतलब है कि हाई कोर्ट द्वारा याचिका कमांक डब्ल्यू.पी.एस. 5788/2023 में 21 अगस्त 2023 को पारित आदेश में सहायक शिक्षक पद के लिये डी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करने आदेशित किया गया था और बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रक्रिया में स्थगन दिया गया था। इस स्थगन आदेश के परिपेक्ष्य में ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रक्रिया 23 अगस्त 2023 से 30 अगस्त 2023 तक सायं 5.00 बजे तक की गई थी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इसे 07 सितम्बर 2023 सायं 05.00 बजे तक बढ़ाया गया है। हाई कोर्ट में पारित आदेश 21 अगस्त 2023 के विरूद्ध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्थगन दिया गया है। अतः 01 सितंबर 2023 से 07 सितंबर 2023 तक पूर्व में जारी कट ऑफ रैंक के भीतर आने वाले बी.एड. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ऑनलाईन काउंसिलिंग प्रकिया में शामिल किया जा रहा है, केवल अनुसूचित जाति बहुविकलांग वर्ग (एमसी) में 117667 कटऑफ रैंक के भीतर के अभ्यर्थियों को भी नियमानुसार शामिल किया गया है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 730 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

- प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा बीजापुर जिले में और कम वर्षा सरगुजा जिले में



**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 730 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 31 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1282.9 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 336.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 655.7 मिमी, बलरामपुर में 695.3 मिमी, जशपुर में 593.6 मिमी, कोरिया में 707.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 715 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 827.3 मिमी, बलौदाबाजार में 723.2 मिमी, गरियाबंद में 661.3 मिमी, महासमुंद में 754.7 मिमी, धमतरी में 722 मिमी, बिलासपुर में 746.2 मिमी, मुंगेली में 884.5 मिमी, रायगढ़ में 813.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 660.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 615.9 मिमी, सक्ती में 608.2 मिमी, कोरबा में 719 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 745.4 मिमी, दुर्ग में 582 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 569 मिमी, राजनांदगांव में 784.7 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 923.7 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 747.1 मिमी, बालोद में 767.2 मिमी, बेमेतरा में 561.8 मिमी, बस्तर में 784.4 मिमी, कोण्डागांव में 691.4 मिमी, कांकेर में 682.7 मिमी, नारायणपुर में 686.8 मिमी, दंतेवाड़ा में 853 मिमी और सुकमा में 1085.2 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480